दिनांक–16.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेष में राजस्व मामलों के निराकरण के लिए फिर चलेगा राजस्व महा अभियान। 18 जुलाई से होगी षुरूआत।
- संपूर्णता अभियान के तहत खरगोन–खंडवा के आकांक्षी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्षन योजना के तहत देष के साथ प्रदेष के बड़े तीर्थ स्थलों को भी किया जाएगा षामिल।
- प्रदेश में बारिष का दौर जारी। मौसम विभाग ने 12 जिलों के लिए जारी किया अलर्ट।

राजस्व महा अभियान–प्रदेष

प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 45 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजस्व महा अभियान प्रथम चरण की सफलता को देखते हुए राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक महाअभियान चलेगा। इस दौरान सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई–केवाईसी और खसरे की समग्र/ आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी डायरी डिजिटल की जाए। मेन्युअल डायरी प्रथा समाप्त की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राजस्व महाअभियान के संचालन संबंधित जानकारी ली। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री–संसाधन प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करके प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। राज्य शासन ने इस वर्ष साढ़े तीन करोड़ लाख का विकासोन्मुखी बजट तैयार किया है। पांच साल में इसे दोगुना करने का प्रयास किया जाएगा। इन्फ्रा–स्ट्रक्चर सहित सभी क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़ी है। सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति की जिन्दगी में बदलाव लाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल इमर्जिंग मध्यप्रदेश कार्यक्रम में प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन को लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस निर्णय ले रही है। प्रदेश में निवेश बढ़ाया जाएगा। सभी प्रकार के निवेश को प्रोत्साहित कर रोजगार को भी बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामपथ गमन और श्रीकृष्ण पाथेय योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की, ऐसे सभी स्थानों को तीर्थ स्थान बनाया जा रहा है।

## संपूर्णता अभियान–खरगोन

देष के 112 आकांक्षी जिलों के साथ प्रदेष के खरगोन जिले के आकांक्षी ब्लॉक भगवानपुरा और खंडवा जिले के झिरन्या में संपूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। पेष है हमारे खरगोन संवाददाता की एक रिपोर्ट –

लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने 04 जुलाई को खरगोन जिले के आकांक्षी ब्लॉक भगवानपुरा में 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नीति आयोग की प्रतिनिधि तमन्ना यादव, अपर कलेक्टर रेखा राठौर मौजूद थी।

इधर खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने खरगोन जिले आकांक्षी ब्लॉक झिरन्या में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की मौजूदगी में 4 जुलाई को 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। भगवानपुरा में पीएम नरेन्द्र मोदी के महत्वकांक्षी संपूर्णता अभियान का शुभारंभ करने वाले खरगोन सांसद गजेन्द्र सिह पटेल ने अभियान के मकसद को लेकर आकाशवाणी बताया की....

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सामाजिक विकास, कृषि और आजीविका संबंधित 6 मानकों पर किये जा रहे काम और मानीटरिंग को लेकर खरगोन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आकाशवाणी को बताया की....

संपूर्णता अभियान के हितग्राही बलखड गांव की निवासी कविता बाई का आकाशवाणी से कहना था की..

कुल मिलाकर आदिवासी बाहुल्य खरगोन जिले के दोनो महत्वपूर्ण भगवानपुरा और झिरन्या ब्लाक में संपूर्णता अभियान से निश्चित ही पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप केन्द्र और राज्य की योजनाओ का लाभ मिलेगा वही समाज की मुख्यधारा से जुडने से ग्रामीणो के जीवन में बदलाव आयेगा...आकाशवाणी के लिये में खरगोन से आशुतोष पुरोहित।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्षन योजना–प्रदेष

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्षन योजना में अब देष के बड़े तीर्थो के साथ प्रदेष के प्रमुख धार्मिक स्थलों को भी जोड़ा जाएगा। इसके लिऐ तीर्थ दर्षन योजना का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन संबंधी मंत्रालय में हुई बैठक में कहा कि युवा वर्ग को भी प्रदेश की पुरा–संपदा और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों से परिचित करवाने के लिए अन्य विभाग भी पहल करें। उन्होंने कहा प्रदेश के स्थानों की यात्रा से जहां बुजुर्ग यात्रियों को अपने ही प्रदेश के प्रसिद्ध स्थान देखने और देव दर्शन का अवसर मिलेगा वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण होगा। प्रदेश की भौगोलिक रचना के कारण नागरिक अनेक तीर्थ स्थान देख नहीं पाते और अपने ही प्रदेश की विशेषताओं से अनजान रहते हैं। उन्होंने जनजातीय विकास विभाग द्वारा प्रत्येक जिले से मेरिट एवं अन्य आधार पर विद्यार्थियों का चयन कर प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण करवाए जाने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में अनेक लोक गायक, संगीतकार और कलाकार निवास करते हैं। इन्हें प्रदेश के विभिन्न स्थानों के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया जाए।

## सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य षिविर–डिंडौरी

डिंडौरी जिले के ग्राम चाड़ा में कल सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सिकलसेल विशेषज्ञ डॉ. अतुल देसाई और डॉ. दीपमाला रावत उपस्थित रहे। डॉ. देसाई ने बच्चों से कहा कि वे अपने परिवार के सदस्यों को सिकलसेल एनीमिया के बचाव और सावधानी के बारे में बताएं।

अभी तक जिले में सिकलसेल एनीमिया के 2074 मरीज चिन्हित किए जा चुके हैं। इस हेतु अभियान लगातार जारी है। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग व आयुष विभाग द्वारा सिकलसेल के मरीजों को दवाईयां वितरित की गई। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्राथमिक उपचार भी दिया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की भी जांच कर सभी मरीजों को सिकलसेल से बचाव के उपाय बताए गए।

मौसम–बारिष–प्रदेष

प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेष के 12 जिलों के लिए अलर्ट जारी किये हैं। भोपाल में कल दिनभर हल्की बारिष होती रही। वहीं सीहोर में अच्छी बारिष होने से भोपाल के बड़े तालाब का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज खरगोन और धार जिलों के लिए अति भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इंदौर, झाबुआ ,रतलाम, छिन्दवाड़ा सहित 10 जिलों के लिए भारी बारिष का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की बारिष हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर के नंदानगर षासकीय संभागीय आईटीआई में कल विष्व कौषल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- खंडवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए।
- कटनी में जीएसटी परिषद की 53 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में चर्चा एवं शंकाओं के समाधान हेतु केन्द्रीय जीएसटी जबलपुर प्रभाग कटनी द्वारा कल व्यापार और उद्योग जगत के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- डिंडौरी में शासकीय आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जनपद पंचायत डिंडौरी अध्यक्ष आशा धुर्वे के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा है कि जिले में स्वीकृत सीएम राइज स्कूल के लिए संबंधित तहसीलदार को भूमि का चयन कर शिक्षा विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिए है।
- बैतूल में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु 18 जुलाई को जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी विंग में 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण लगाया जायेगा।

...................................